किस्मत में मेरी लिख दे एक बात सांवरे

किस्मत में मेरी लिख दे एक बात सांवरे,
रहे जनम जनम का तेरा मेरा साथ सांवरे.....

परिवार मिले मुझे ऐसा जो तेरी महिमा गाए,
औलाद मिले मुझे ऐसी जो तेरे भजन सुनाए,
मुझे रोज सवेरे तेरा हो दीदार सांवरे,
रहे जन्म जन्म का तेरा मेरा साथ सांवरे....

ना सोना चांदी मांगू नहीं रे मोती मांगो,
बस साथ मिले मुझे तेरा बस साथ तेरा ही मांगू,
तु हाथ में अपने ले ले मेरा हाथ सांवरे,
रहे जन्म जन्म का तेरा मेरा साथ सांवरे.....

एक दिन वृन्दावन मैं आऊं तेरे नए-नए भजन सुनाऊ,
कर के दर्शन मैं तेरा तेरे चरणों में खो जाऊं,
भक्तों की पूरी कर दे तू आज सांवरे,
रहे जन्म जन्म का तेरा मेरा साथ सांवरे.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31781/title/kismat-me-meri-likh-de-ek-baat-sanwre

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |